Atmus™
FILTRATION TECHNOLOGIES

# आपूर्तिकर्ता आचार संहिता



# अंतर्वस्तु

**स्टेफ डिशर (Steph Disher) का संदेश** ..... 3

**मान्यताएँ** ..... 3

**परिचय**
- हमारा प्रयोजन ..... 4
- हमारी साझा प्रतिबद्धता ..... 4

**आपूर्तिकर्ता की ज़िम्मेदारियाँ** ..... 5

**भरोसा बनाएँ**
- धोखाधड़ी के विरुद्ध हमारी कंपनी का संरक्षण ..... 6
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार ..... 6
- रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमारी कंपनी का संरक्षण ..... 7
- उचित प्रतिस्पर्धा ..... 7
- हितों के टकराव ..... 8
- व्यावसायिक शिष्टाचार ..... 8
- व्यावसायिक शिष्टाचार और सरकारी अधिकारी ..... 8
- सरकारी अनुबंध ..... 8
- हमारी कंपनी की परिसंपत्तियों का संरक्षण ..... 9
  - हमारी गोपनीय जानकारी का संरक्षण
  - बौद्धिक संपदा का संरक्षण
  - डेटा निजता का संरक्षण
  - हमारी भौतिक परिसंपत्तियों का संरक्षण भेदिया व्यापार से
- बचना ..... 10

**समावेशी बनें**
- विविधता, समावेशन और समता को बढ़ावा देने वाले परिवेश का संरक्षण ..... 11
- सम्मानपूर्ण साझेदारी का संरक्षण और पालन-पोषण ..... 11

**साहसी बनें**
- आवाज़ उठाने के अधिकार का संरक्षण ..... 12
- आवाज़ उठाने के तरीके ..... 12
- प्रतिशोध ..... 12

**परवाह दिखाएँ**
- उत्पाद निरापदता और गुणवत्ता ..... 13
- मानवाधिकारों का संरक्षण ..... 13
- कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा ..... 14
- हमारे पर्यावरण और स्थायित्व का संरक्षण ..... 15

**अतिरिक्त संसाधन** ..... 16



# “हम एक शक्तिशाली और नैतिक कंपनी बनने व बने रहने और हमारे संचालनों तथा आपूर्ति श्रृंखला हमेशा सही काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।”

## स्टेफ डिशर (Steph Disher) का संदेश

Atmus Filtration Technologies में, हमारा यह प्रयोजन हमें आगे बढ़ने को प्रेरित करता है: महत्वपूर्ण चीज़ों के संरक्षण द्वारा बेहतर भविष्य की रचना। 1958 से ही हम हमेशा ऐसे आपूर्तिकर्ताओं के साथ मज़बूत संबंध बनाने के महत्व को मान देते आए हैं जो सत्यनिष्ठा के साथ अगुआई करते हैं और नैतिक ढंग से व्यवसाय संचालित करते हैं। हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर हम वर्ग-में-सर्वोत्तम तकनीक के साथ ऐसे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान कर सकते हैं जो हमारे लोगों का, हमारे ग्रह का और हमारे ग्राहकों का संरक्षण करते हों।

हमारी Atmus आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (“संहिता”) की जड़ें हमारी इन मान्यताओं में हैं: भरोसा जमाएँ। समावेशी बनें। साहसी बनें। परवाह दिखाएँ। हमारी संहिता हमारे आपूर्तिकर्ताओं को इस बारे में मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए तैयार की गई है कि Atmus के साथ व्यवसाय करने के दौरान उनसे किन व्यवहारों और क्रियाओं की अपेक्षा की जाती है। हम एक शक्तिशाली और नैतिक कंपनी बनने व बने रहने और हमारे संचालनों और आपूर्ति श्रृंखला में हमेशा सही काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आपके द्वारा संहिता के पालन के साथ, हम ऐसे असाधारण उत्पाद प्रदान कर सकते हैं जो दुनिया पर लाभकारी प्रभाव छोड़ते हैं।

आपकी साझेदारी और आपके समर्पण के लिए आपको धन्यवाद।

**स्टेफ डिशर (Steph Disher)**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी (चीफ़ इग्ज़ेक्यूटिव ऑफ़िसर)
Atmus Filtration Technologies

# मान्यताएँ

## भरोसा बनाएँ

हर संबंध में, हर रोज़।

हम जो कहते हैं, वही करते हैं, और हम वही करते हैं जो सही है, फिर हालात चाहे कुछ भी हों। हम खुले हैं, ईमानदार हैं और पारदर्शी हैं। हम हमारे सभी हितधारकों की बात ध्यान देकर सुनने और उनके प्रति प्रतिक्रियाशील रहने के द्वारा भरोसा बनाते हैं। जब हम हमारी खुद की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते, तब हम इस बात को स्वीकारते हैं, जो हुआ उसका समाधान करते हैं और उससे मिली सीखों को व्यवहार में लागू करते हैं।

## समावेशी बनें

हमारे अंतरों को अपनाकर और एक ऐसा समुदाय बनाकर जहाँ हर किसी को महसूस हो कि उसे मान दिया जाता है।

हमारे लोग और व्यवसाय साझेदार उस दुनिया का प्रतिबिंब हैं जिसमें हम रहते हैं, और हम एक ऐसा माहौल बनाने को प्रतिबद्ध हैं जहाँ हर कोई महसूस करे कि वह सुरक्षित है,उसका स्वागत है और उसे मान दिया जाता है।

## परवाह दिखाएँ


दयालुता के साथ और दूसरों की खुशहाली को ध्यान में रखते हुए जुड़कर।

हम दूसरों के विचारों, एहसासों और ज़रूरतों को समझने और उनकी मौजूदगी मानने की कोशिश करते हैं। हमारी परवाह हमारी दीवारों के भी पार निकलकर हमारे ग्राहकों, हमारे समुदायों और हमारे ग्रह तक फैली हुई है। यह परवाह ही हर रोज़ कुछ नया बनाने और करके दिखाने की हमारी इच्छाओं का ईंधन है।

## साहसी बनें

आवाज़ उठाने, कदम उठाने और भविष्य गढ़ने के लिए।

हम एक ऐसे परिवेश को बढ़ावा देते हैं जहाँ हर कोई महसूस करे कि वह हमारे हितधारकों से किए वादों पर खरा उतरने के लिए आवाज़ उठा सकता है, आइडिया साझा कर सकता है और अटल बना रह सकता है।




# परिचय

## आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

### हमारा प्रयोजन

हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता की जड़ें हमारे प्रयोजन और हमारी मान्यताओं में हैं। हम ऐसे आपूर्तिकर्ताओं के साथ साझेदारी करते हैं जो महत्वपूर्ण चीज़ों के संरक्षण द्वारा बेहतर भविष्य की रचना के लिए हमारी मान्यताओं और हमारे प्रयोजन को अपनी मान्यताएँ और अपना प्रयोजन मानते हैं। साथ मिलकर हम प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पा सकते हैं, एक समावेशी संस्कृति बना सकते हैं और हमारी साझा इन्सानियत के लिए एक बेहतर भविष्य रच सकते हैं। हम हमारे व्यावसायिक साझेदारों से यह अपेक्षा रखते हैं कि वे नैतिक ढंग से, कानूनी ढंग से और Atmus आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के अनुसार संचालन करें।

### हमारी साझा प्रतिबद्धता

Atmus Filtration Technologies Inc., अपनी सहायक कंपनियों के साथ ("Atmus") आपूर्तिकर्ताओं संग हमारी साझेदारी में पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। इस संहिता में हमने हमारे मुख्य सिद्धांतों और अपेक्षाओं का संक्षिप्त वर्णन किया है ताकि हम सभी व्यवसाय को उचित, कानूनी और नैतिक ढंग से संचालित करें। ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता को बढ़ावा देने वाली नैतिक व्यावसायिक कार्यप्रथाओं को बचाए रखना और संभालना हमारी साझा ज़िम्मेदारी है, फिर चाहे हम इस दुनिया में कहीं भी हों। परिस्थितियों में सही रास्ता ढूँढने और अपने निर्णयों को हमारी मान्यताओं, लागू कानूनों और नीतियों के अनुरूप बनाने में मदद के लिए हमारी संहिता का उपयोग एक संसाधन के रूप में करें।

जब किसी मामले में सही निर्णय स्पष्ट न हो तो जो भी चुनौतियाँ या मसले सामने आ सकते हों उनके समाधान के लिए हम आपके साथ मिलकर काम करेंगे। ऐसी परिस्थितियों में, सीधे अपने Atmus संपर्क से, हमारे कानूनी या नैतिकता एवं अनुपालन विभाग से या पृष्ठ 16 पर बताए गए किसी भी संसाधन से मार्गदर्शन के लिए संपर्क करें।

Atmus यह बात समझती है और यह अपेक्षा रखती है कि हमारे उत्पादों और सेवाओं के आपूर्तिकर्ताओं की अपनी खुद की नैतिकता संहिताएँ और आचार संहिताएँ होंगी। आपूर्तिकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के सारे सिद्धांत और अपेक्षाएँ उनके खुद के संचालनों में और उनके खुद के प्रत्यक्ष आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उचित स्तरों पर लागू की जाएँ और उनका पालन किया जाए।

हम हर आपूर्तिकर्ता को इसके लिए भी प्रेरित करते हैं कि वह अपनी आपूर्ति शृंखला में प्रत्यक्ष आपूर्तिकर्ताओं से भी आगे जाकर आवश्यकताओं के समान मानक को कायम रखे और Atmus आपूर्तिकर्ता आचार संहिता में यथा वर्णित मानकों के समान मानकों को लागू करने के लिए अग्रसक्रिय ढंग से कार्य करे।

### मुख्य अपेक्षाएँ:

पूरी आपूर्तिकर्ता संहिता में हमने हर सिद्धांत विशेष के संदर्भ में "**मुख्य अपेक्षाएँ**" स्पष्ट की हैं। ये मुख्य अपेक्षाएँ हमारे Atmus आपूर्तिकर्ताओं की बुनियादी ज़िम्मेदारियों पर प्रकाश डालने के लिए हैं।

# आपूर्तिकर्ता की ज़िम्मेदारियाँ

यदि हम सभी साथ मिलकर काम करें तो हम हमारे प्रयोजन की प्राप्ति में सफल होंगे। यह संहिता आपके संगठन के हर व्यक्ति, जिसमें आपके कर्मचारी, प्रबंधन, वरिष्ठ लीडर, उप-ठेकेदार,आपके आपूर्तिकर्ता और उनके आपूर्तिकर्ता (चाहे किसी भी स्तर पर हों) और अन्य व्यावसायिक साझेदार शामिल हैं, पर लागू होती है। हमारी भूमिका चाहे जो भी हो, हम सभी सत्यनिष्ठा के रखवाले हैं। निम्नलिखित करना आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षित है:

1. कंपनी की ओर से आप जो भी कार्य करते हैं उसमें नैतिक ढंग से कार्य करना और अपनी राय परे रखकर सर्वोत्तम निर्णय लेना
2. इस संहिता में वर्णित सभी सिद्धांतों को समझना और उनका पालन करना
3. यदि आप किसी परिस्थिति या निर्णय विशेष को लेकर संशय में हों तो मार्गदर्शन माँगना और प्रश्न पूछना
4. कानून या हमारी संहिता के जो भी संदिग्ध उल्लंघन हों उनकी सूचना देना, तब के सिवाय जब ऐसा करना कानून में निषिद्ध हो
5. सदाशय से कोई चिंता व्यक्त करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोधी कार्रवाई न करना
6. आवश्यक प्रशिक्षण और सर्वेक्षण अनुरोधों में समय से भाग लेना

**हमारी संहिता के अनुपालन में विफल रहने पर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है या कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।**



# भरोसा बनाएँ

हर संबंध में, हर रोज़, भरोसा बनाएँ।

## धोखाधड़ी के विरुद्ध हमारी कंपनी का संरक्षण

**अचूक बहियाँ, रिकॉर्ड और प्रकटन**
आपूर्तिकर्ताओं पर यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है कि कंपनी की सभी बहियाँ और रिकॉर्ड पूरे हों, अचूक हों, समय से प्रोसेस किए जाएँ और अप-टू-डेट रखे जाएँ। आपूर्तिकर्ता अपने श्रमिकों, स्वास्थ्य और सुरक्षा, पर्यावरणीय कार्यप्रथाओं, व्यावसायिक गतिविधियों, संरचना, वित्तीय स्थिति और कार्य-प्रदर्शन से संबंधित जानकारी का अचूक प्रकटन लागू विनियमों के अनुसार करेंगे। रिकॉर्डों में जालसाज़ी या आपूर्ति श्रृंखला की स्थितियों या कार्यप्रथाओं की गलतबयानी अस्वीकार्य है।

**जोखिम पहचान और प्रबंधन**
आपूर्तिकर्ताओं के यहाँ ऐसी प्रक्रिया लागू रहनी आवश्यक है जो उनके संचालनों से जुड़े कानूनी, पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी, श्रम कार्यप्रथा संबंधी, नैतिक और अन्य जोखिमों की पहचान करती हो और उनके आपेक्षिक महत्व का आकलन करती हो। पहचाने गए जोखिमों की गंभीरता घटाने के लिए संबंधित कार्यविधियाँ और आंतरिक नियंत्रण लागू किए जाने चाहिए।

### मुख्य अपेक्षाएँ:

- वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षा (ऑडिट) रिपोर्ट उचित और अचूक ढंग से प्रस्तुत करें।
- संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लेखापरीक्षा (ऑडिट) के अनुरोधों और आकलनों में पूरा सहयोग करें।

### मुख्य अपेक्षाएँ:

- अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निर्यात विनियमों का अनुपालन करें।
- कानून द्वारा यथा आवश्यक या Atmus द्वारा यथा अनुरोधित अनुपालन दायित्वों को संतुष्ट करें।
- Atmus से जो भी उचित पड़ताल अनुरोध मिलें उनके उत्तर अचूक ढंग से और समय से दें।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार

**हम दुनिया भर में जो व्यवसाय करते हैं उस पर हमें गर्व है।**
दुनिया भर में हमारी मौजूदगी के कारण, हमारा व्यवसाय विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों के अधीन है। आपूर्तिकर्ता निर्यातों, प्रतिबंधों और अन्य व्यापारिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे। ये कानून एक से दूसरे देश के बीच वस्तुओं, सेवाओं और तकनीकों के व्यापार के नियमन के लिए बनाए जाते हैं। इसमें प्रतिबंधित देशों, राज्यक्षेत्रों, इकाइयों/कंपनियों/संस्थाओं, व्यक्तियों या क्षेत्रों के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष वाणिज्यिक गतिविधि से बचना शामिल है। हमारे आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों के अनुपालन के लिए उचित पड़ताल करें और उन पर यह दायित्व है कि वे नैतिक व्यापारिक कार्यप्रथाएँ बनाए रखें।

आपूर्तिकर्ता किसी भी बहिष्कार-संबंधी अनुरोध पर सहमत नहीं होंगे। बहिष्कार-संबंधी अनुरोध विदेशी पक्षों द्वारा कंपनियों पर कुछ विशिष्ट देशों या उनके उत्पादों के बहिष्कार का दबाव डालने के लिए भेजे जा सकते हैं। बहिष्कार-रोधी कानून कंपनियों को अस्वीकृत बहिष्कार अनुरोधों पर सहमत होने या उनका अनुपालन करने से निषिद्ध करते हैं।



भरोसा बनाएँ



# रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमारी कंपनी का संरक्षण

आपूर्तिकर्ता Atmus की ओर से व्यवसाय संचालन के दौरान रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सहन नहीं करेंगे।

हमारे आपूर्तिकर्ताओं के लिए अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट कार्यप्रथाएँ अधिनियम (U.S. फ़ॉरेन करप्ट प्रेक्टिसेज़ एक्ट, FCPA), यूके रिश्वतखोरी अधिनियम (UK ब्राइबरी एक्ट) और अन्य सभी लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का अनुपालन आवश्यक है। आपूर्तिकर्ता रिश्वत, किकबैक या किसी भी अन्य भ्रष्ट भुगतान की पेशकश नहीं करेंगे, प्रदान नहीं करेंगे या स्वीकार नहीं करेंगे।

**सरकारी अधिकारियों के लिए जो कार्य करना पहले से ही आवश्यक है (जैसे परमिट जारी करना) वे कार्य करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सरलीकरण भुगतान देना स्पष्ट रूप से निषिद्ध है।**

सरकारी अधिकारियों के साथ, या किसी सरकारी विभाग से कोई भी संबद्धता रखने वाले किसी भी व्यक्ति/इकाई/कंपनी/संस्था के साथ कार्य करते समय आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे इस मामले में अतिरिक्त सतर्कता बरतें कि व्यवसाय किस प्रकार संचालित किया जा रहा है। सरकारी कर्मचारियों के साथ व्यवसाय और व्यवहार उचित और ईमानदार ढंग से संचालित किए जाएँगे। आपूर्तिकर्ताओं को सरकारी अधिकारियों को अनुचित भुगतान से संबंधित सभी लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का अनुपालन करना होगा।

## मुख्य अपेक्षाएँ:

- लागू रिश्वतखोरी-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों और विनियमों का पालन करें।
- व्यावसायिक लेनदेनों और रिपोर्टिंग में पारदर्शी रहें।
- किसी भी परिस्थिति में सरकारी अधिकारियों को सरलीकरण भुगतान न दें।

## मुख्य अपेक्षाएँ:

- आपूर्तिकर्ता जिन क्षेत्राधिकारों में संचालन करते हैं उनमें लागू सभी उचित प्रतिस्पर्धा और एकाधिकार-रोधी कानूनों और विनियमों का अनुपालन करें।
- उचित ढंग से प्रतिस्पर्धा करें और लागू कानूनों का उल्लंघन करने वाले प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार में शामिल न हों।

# उचित प्रतिस्पर्धा

हम मार्केटप्लेस में उचित और कानूनी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने और सभी लागू प्रतिस्पर्धा या एकाधिकार-रोधी कानूनों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे आपूर्तिकर्ताओं को संवेदनशील या प्रतिस्पर्धा-संबंधी मामलों में समझौतों और चर्चाओं से बचना होगा, क्योंकि प्रतिस्पर्धियों के साथ की अनौपचारिक बातचीत को भी कभी-कभी प्रतिस्पर्धा के दमन के रूप में देखा जा सकता है। आपूर्तिकर्ता प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहारों, जिनके उदाहरण निम्नलिखित हैं, में भाग नहीं लेंगे:

- **कीमतें फ़िक्स करना**
- **कीमतों में भेदभाव**
- **प्रतिस्पर्धियों को किसी बाज़ार में प्रवेश से रोकना**
- **प्रतिस्पर्धियों के साथ बिक्री क्षेत्र या बाज़ारों का बँटवारा करना**
- **बिड रिगिंग (बोलियों में साँठ-गाँठ)**
- **किसी प्रतिस्पर्धी के व्यापारिक रहस्यों का जानबूझकर उपयोग करना**
- **बिक्री या मार्केटिंग की कपटी कार्यप्रथाओं में संलग्न होना**

# हितों के टकराव

## आपूर्तिकर्ताओं को हितों के टकराव से हमेशा बचना होगा।

हितों का टकराव तब होता है जब व्यक्तिगत हित कंपनी के लिए लिये गए निर्णयों को प्रभावित करते हैं या प्रभावित करते प्रतीत होते हैं। आपूर्तिकर्ताओं और उनके कर्मचारियों को ऐसी परिस्थितियों की सूचना जल्द-से-जल्द Atmus को देनी होगी जिनमें वित्तीय या अन्य व्यक्तिगत हित व्यावसायिक सौदों से टकराव में हों।

**हितों के संभावित टकराव की आम परिस्थितियों में ये शामिल हैं:**

- **व्यावसायिक शिष्टाचार** - उपहार, अनुग्रह/उपकार या अन्य प्रोत्साहन देना या स्वीकार करना।
- **वित्तीय हित** - Atmus में या हमारे प्रतिस्पर्धियों में उल्लेखनीय वित्तीय हित होना।
- **अप्रकट संबंध** - किसी परिजन के साथ या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध होना जिससे आपका रूमानी या व्यक्तिगत संबंध है और वह व्यक्ति Atmus द्वारा नियुक्त है।

# व्यावसायिक शिष्टाचार

हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक साझेदारों के साथ मज़बूत और पारदर्शी संबंध बनाना हमारी सफलता के लिए आवश्यक है। नाममात्र के मूल्य के व्यावसायिक शिष्टाचारों, जैसे कभी-कभार उपहार या मनोरंजन, का आदान-प्रदान सीमित होना चाहिए और सावधानी के साथ दिया/स्वीकार किया जाना चाहिए। आपूर्तिकर्ता कभी-भी ऐसे शिष्टाचार प्रदान या स्वीकार नहीं करेंगे जो Atmus की ओर से लिए गए निर्णयों को प्रभावित कर सकते हों या प्रभावित करते प्रतीत होते हों।

## मुख्य अपेक्षाएँ:

- व्यावसायिक शिष्टाचार के जो भी अनुरोध या माँगें हों उनके बारे में Atmus को सूचित करें।
- ऐसे व्यावसायिक शिष्टाचारों को स्वीकार न करें या में संलग्न न हों जो व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करते हैं या प्रभावित करते प्रतीत होते हैं।
- हितों के जो भी संभावित, वास्तविक या अनुभूत टकराव हों उन्हें Atmus को जल्द-से-जल्द सूचित व प्रकट करें।

**व्यावसायिक शिष्टाचार प्रस्तुत या स्वीकार करते समय, आपूर्तिकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें प्रस्तुत या स्वीकार करने से पहले निम्नलिखित कारकों पर विचार कर लिया गया हो:**

- **वैधता** - वे व्यावसायिक शिष्टाचार देने और पाने वाले के देश में वैध हों।
- **इरादा** - यह पुष्टि करें कि उपहार किसी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने के लिए नहीं था।
- **लागत** - व्यावसायिक शिष्टाचार का मूल्य नाममात्र का हो।
- **बारंबारता और समय** - व्यावसायिक शिष्टाचार कभी-कभार और बिना आग्रह के दिए/स्वीकार किए जाते हों। सुनिश्चित करें कि व्यावसायिक शिष्टाचार के समय कोई भी प्रस्ताव अनुरोध (रिक्वेस्ट फ़ॉर प्रपोज़ल, RFP) या बिड (बोलियाँ) खुली न हों।
- **नकद या नकद समतुल्य** - नकद या नकद-समतुल्य के रूप में व्यावसायिक शिष्टाचार देने की अनुमति कभी नहीं है।

**ऐसे किसी भी आदान-प्रदान या व्यावसायिक शिष्टाचार, जो इन अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है, के बारे में आपूर्तिकर्ता Atmus को तत्काल सूचित करेंगे।**

# व्यावसायिक शिष्टाचार और सरकारी अधिकारी

आपूर्तिकर्ता कभी-भी व्यावसायिक निर्णय पाने या उन्हें प्रभावित करने के लिए सरकारी अधिकारियों से न तो कुछ लेंगे और न कुछ देंगे। आपूर्तिकर्ता सरकारी अधिकारियों के साथ हुए व्यावसायिक व्ययों का दस्तावेज़ीकरण करने वाले अचूक और पूरे रिकॉर्ड हमेशा बनाकर रखेंगे।

# सरकारी अनुबंध

जब हम किसी सरकारी संस्था/इकाई/कंपनी को सेवाएँ बेचते या प्रदान करते हैं तब विशेष कानून और विनियम लागू होते हैं। ये नियम आपूर्तिकर्ताओं और उनके आपूर्तिकर्ताओं (चाहे किसी भी स्तर पर हों) पर भी लागू होते हैं। यदि आपूर्तिकर्ता की गतिविधि में सरकारी संस्थाओं/इकाइयों/कंपनियों के साथ प्रतिबद्धताएँ शामिल हैं तो आपूर्तिकर्ता पर लागू कानूनों और विनियमों को समझने और उनका पालन करने की ज़िम्मेदारी है।

# हमारी कंपनी परिसंपत्तियों का संरक्षण

## हमारी गोपनीय जानकारी का संरक्षण

हमारे आपूर्तिकर्ताओं पर हमारी संवेदनशील जानकारी, जिसमें गोपनीय, स्वामित्वाधीन और व्यक्तिगत डेटा शामिल है, की गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता का संरक्षण करने की ज़िम्मेदारी है। प्राप्त जानकारी, चाहे प्रत्यक्ष रूप से Atmus से प्राप्त हुई हो या तृतीय पक्षों के ज़रिए, उसका उपयोग केवल उसी अभीष्ट और अधिकृत व्यावसायिक प्रयोजन से हो जिसके लिए वह दी गई थी। आपूर्तिकर्ताओं के पास उनकी सूचना प्रणालियों, सेवाओं और आपूर्ति शृंखला के खतरों की गंभीरता घटाने के लिए सूचना प्रबंधन, सूचना सुरक्षा और सायबर-सुरक्षा कार्यक्रम लागू होने चाहिए। आपूर्तिकर्ताओं को सभी संबंधित कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करना होगा।

**यदि आपको किसी संभावित सायबर-सुरक्षा खतरे, जिसमें अन्य व्यावसायिक साझेदारों पर हमले शामिल हैं, का पता चले तो तुरंत Atmus को सूचित करें।**

## मुख्य अपेक्षाएँ:

- Atmus की जानकारी, बौद्धिक संपदा और भौतिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा करें और उनका उपयोग केवल अभीष्ट और अधिकृत प्रयोजन से ही करें।
- बौद्धिक संपदा, डेटा संरक्षण और निजता से संबंधित नियमों, कानूनों और विनियमों का पालन करें।
- नकली या अतिक्रमण करने वाले उत्पादों, मटीरियल या पार्ट की सूचना तुरंत Atmus को दें।
- सुरक्षा संबंधी घटनाओं और अतिक्रमणों की सूचना जल्द-से-जल्द Atmus को दें।
- Atmus की जानकारी के डेटा जीवन-चक्र (भंडारण, पहुँच, ट्रांसफ़र और निपटान) का उपयुक्त प्रबंधन करें।

## बौद्धिक संपदा का संरक्षण

गोपनीय जानकारी के संरक्षण के लिए हमारे मानकों का पालन करने के साथ-साथ, हम पेटेंट, व्यापारिक रहस्यों, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और अनुबंध उपबंधों की मदद से भी हमारी बौद्धिक संपदा का पूरी ताकत से संरक्षण करते हैं। हम हमारे आपूर्तिकर्ताओं से यह अपेक्षा करते हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकारों में, और Atmus तथा आपूर्तिकर्ता के बीच जो भी अनुबंध किए गए हों उनमें, बौद्धिक संपदा अधिकारों का नियंत्रण करने वाले सभी नियमों, कानूनों और विनियमों का सम्मान और अनुपालन करें। Atmus की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना स्वामित्वाधीन जानकारी प्रकट नहीं की जाएगी और उसका उपयोग केवल उसी अभीष्ट और अधिकृत व्यावसायिक प्रयोजन से किया जाएगा जिसके लिए वह दी गई थी। सहमति के बिना स्वामित्वाधीन जानकारी के प्रकटन के फलस्वरूप संभव है कि Atmus अपने पेटेंट अधिकार खो दे।

हम दुनिया भर में हमारे ग्राहकों के लिए हमारे उत्पादों की गुणवत्ता, अखंडता और विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हमारे उत्पादों में उपयोग के लिए नकली पार्ट या मटीरियल Atmus को कभी-भी आपूर्त नहीं किए जाने हैं। आपूर्तिकर्ताओं पर Atmus को आपूर्त उत्पादों, मटीरियल या पार्ट की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए अपने स्रोतण (खरीद) की गहन उचित पड़ताल करने की ज़िम्मेदारी है। यदि किसी आपूर्तिकर्ता को यह पता चलता है कि उसने Atmus को नकली पार्ट या मटीरियल आपूर्ति किए ए हो सकते हैं या उसे उसके द्वारा Atmus की आपूर्ति किए जाने वाले किसी पार्ट के संबंध में किसी तृतीय पक्ष से अतिक्रमण का नोटिस मिलता है, तो उस आपूर्तिकर्ता को तुरंत Atmus को सूचित करना चाहिए।

## डेटा निजता का संरक्षण

आपूर्तिकर्ता Atmus के कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य व्यावसायिक साझेदारों के व्यक्तिगत डेटा के संरक्षण की प्रतिबद्धता स्वीकार करते हैं। व्यक्तिगत डेटा के ट्रांसफ़र, प्रोसेसिंग, संरक्षण और प्रतिधारण (अपने पास रखने) से संबंधित लागू कानूनों और विनियमों, जिनमें बिना किसी सीमा के, यूरोपीय संघ का सामान्य डेटा संरक्षण विनियम (EU जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन, GDPR) शामिल है, का अनुपालन अपेक्षित है। Atmus की ओर से व्यक्तिगत डेटा प्रोसेस करने वाले सभी आपूर्तिकर्ताओं को ऐसे आनुबंधिक नियम, जिन्हें आम तौर पर डेटा प्रोसेसिंग करार (डेटा प्रोसेसिंग एग्रीमेंट, "DPA" कहते हैं) स्वीकार करने होंगे जिनमें उनके द्वारा Atmus के व्यक्तिगत डेटा की हैंडलिंग से संबंधित उनकी ज़िम्मेदारियों का विस्तृत वर्णन हो।

आपूर्तिकर्ताओं को व्यक्तिगत डेटा तक की पहुँच या उसकी प्रोसेसिंग को विशिष्ट व्यावसायिक प्रयोजन के लिए न्यूनतम आवश्यक तक और केवल जब तक आवश्यक हो तब तक के लिए सीमित करने के द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि उससे उचित व्यवहार किया जाए। जैसे ही जानकारी की आवश्यकता समाप्त हो, उसे सुरक्षित ढंग से और Atmus गोपनीय प्रकटन करार (कॉन्फ़िडेंशियल डिस्क्लोज़र एग्रीमेंट) के अनुसार नष्ट कर दिया जाए।

**यदि आपको व्यक्तिगत डेटा से संबंधित किसी संभावित घटना या अतिक्रमण का पता चले, तो तुरंत Atmus से संपर्क करें।**

## हमारी भौतिक परिसंपत्तियों का संरक्षण

हमारे आपूर्तिकर्ताओं की यह ज़िम्मेदारी है कि वे हर उस भौतिक परिसंपत्ति का संरक्षण करें जो Atmus की है। इसमें विनिर्माण हेतु प्रोटोटाइप पार्ट या ऐसे परीक्षण उपकरण शामिल हो सकते हैं जो किसी आपूर्तिकर्ता के स्थान पर रखे गए हैं। परिसंपत्तियों का उपयोग केवल उनके अभीष्ट और अधिकृत प्रयोजन से होना चाहिए।



# भेदिया व्यापार से बचना

Atmus के आपूर्तिकर्ताओं के पास हमारी कंपनी और अन्य कंपनियों, जैसे हमारे ग्राहकों, की अंदरूनी जानकारी तक की पहुँच हो सकती है।

अंदरूनी जानकारी की परिभाषा में ऐसी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी आती है जो किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या अपने पास बनाए रखने के निर्णय को प्रभावित करेगी। हालाँकि आपूर्तिकर्ताओं का हमेशा यह दायित्व है कि वे गोपनीय जानकारी का संरक्षण करें, पर उन्हें ऐसी जानकारी के बारे में पता होना चाहिए जिसे अंदरूनी जानकारी माना जा सकता है, और उन्हें अपनी ज़िम्मेदारियों को समझना चाहिए।

आपूर्तिकर्ताओं के पास जब तक Atmus या अन्य व्यावसायिक साझेदारों की अंदरूनी जानकारी है तब तक वे Atmus के कॉमन स्टॉक या अन्य व्यावसायिक साझेदारों के कॉमन स्टॉक का व्यापार कभी नहीं करेंगे। आपूर्तिकर्ता अंदरूनी जानकारी परिजनों, दोस्तों या तृतीय पक्षों सहित ऐसे किसी भी व्यक्ति जिसे उक्त जानकारी जानने की आवश्यकता नहीं है, से इसलिए साझा नहीं करेंगे कि वह व्यक्ति उस जानकारी के आधार पर व्यापार कर सके (इस प्रकार जानकारी देने को “टिप देना” कहते हैं)।

**अंदरूनी जानकारी के आधार पर व्यापार करना और टिप देना गैर-कानूनी हैं और इनके फलस्वरूप संलिप्त व्यक्तियों, जिनमें आपूर्तिकर्ता का संगठन शामिल है, को आपराधिक दंड मिल सकते हैं।**

## मुख्य अपेक्षाएँ:

- भेदिया व्यापार से संबंधित संघीय और राज्य कानूनों का अनुपालन करें।
- महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी से संबंधित गोपनीयता बनाए रखें और उसका उपयोग केवल और केवल अभीष्ट व अधिकृत प्रयोजन से करें।
- भेदिया व्यापार के जो भी ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन हों उनकी सूचना तुरंत दें।

# समावेशी बनें

हमारे अंतरों को अपनाकर समावेशी बनें समावेशी बनें जहाँ हर किसी को महसूस हो कि उसे मान दिया जाता है।

## विविधता, समावेशन और समता को बढ़ावा देने वाले परिवेश का संरक्षण

हम एक ऐसा परिवेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ हर कोई महसूस करे कि वह सुरक्षित है, उसका स्वागत है और उसे मान दिया जाता है। हम हमारी कंपनी और हमारे व्यावसायिक संबंधों की रचना करने वाली विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, योग्यताओं और अनुभवों को अपनाते हैं। हमारे आपूर्तिकर्ताओं की विविधता से हमें अलग-अलग नज़रिये हासिल होतेहैं और हमारे पूरे सामर्थ्य तक पहुँचने में हमें मदद मिलती है। हम तब अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर होते हैं जब हम में से हर कोई यह महसूस करता है कि उसे शामिल रखा गया है, उसका सम्मान किया जाता है और उसकी अनूठी प्रतिभा और नज़रिये के लिए उसे सराहा जाता है।





### मुख्य अपेक्षाएँ:

- सभी से उचित व्यवहार सुनिश्चित करें, चाहे उनकी संरक्षित विशेषताएँ या गतिविधियाँ कुछ भी हों।
- एक ऐसा सकारात्मक कार्यस्थल बनाए रखें जो उत्पीड़न, धौंस या दुर्व्यवहारी आचरण से मुक्त हो।

## सम्मानपूर्ण साझेदारी का संरक्षण और पालन-पोषण

विविधता और समावेशन की संस्कृति का संरक्षण और पालन-पोषण करने के लिए हम एक-दूसरे से हमारे व्यवहार करने के तरीके पर फ़ोकस करते हैं। एक-दूसरे के प्रति आपूर्तिकर्ताओं की क्रियाओं में गरिमा और सम्मान झलकने चाहिए। आपूर्तिकर्ता एक-दूसरे से पूर्वग्रह, पक्षपात या संरक्षित विशेषताओं अथवा गतिविधियों, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, के आधार पर भेदभाव के बिना व्यवहार करेंगे:

- आयु
- नागरिकता स्थिति
- रंग
- अशक्तता
- लिंग
- लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति
- आनुवंशिक जानकारी
- वैवाहिक स्थिति
- सैन्य या पूर्व-सैनिक स्थिति
- राष्ट्रीय मूल
- गर्भावस्था
- नस्ल/जाति
- धार्मिक विश्वास
- यौन झुकाव
- यूनियन (श्रमिक संघ) संबद्धता
- कानून द्वारा संरक्षित कोई भी अन्य स्थिति

आपूर्तिकर्ता एक ऐसा सकारात्मक कार्यस्थल बनाए रखेंगे जो उत्पीड़न, धौंस या दुर्व्यवहारी आचरण से मुक्त हो। आपूर्तिकर्ता सकारात्मक और पेशेवर कार्य परिवेश बनाने के लिए पूरी तरह से जवाबदेह हैं। हम उत्पीड़न, धौंस या दुर्व्यवहारी आचरण को सहन नहीं करते हैं।

उत्पीड़न कई रूपों में हो सकता है, जिसमें लिखित और मौखिक रूप शामिल हैं। आपूर्तिकर्ता अपने संगठनों के भीतर और Atmus के साथ व्यावसायिक सौदों में सम्मानपूर्ण कार्य परिवेश की महत्ता को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

**यदि आपको भेदभाव या उत्पीड़न के बारे में पता चलता है या संदेह होता है, तो इसकी रिपोर्ट Atmus Ethics Line को करें।**

# साहसी बनें

आवाज़ उठाने, कदम उठाने
और भविष्य गढ़ने के लिए।

## आवाज़ उठाने के अधिकार का संरक्षण

हम एक ऐसे परिवेश के लिए कड़े प्रयास करते हैं जहाँ हर कोई महसूस करे कि वह आवाज़ उठा सकता है और चिंताएँ व्यक्त कर सकता है। ऐसा आचरण दिखाई देने पर आवाज़ उठाने के लिए साहस चाहिए जो हमारी मान्यताओं के अनुरूप नहीं है या जो हमारी संहिता, नीतियों या कानूनों का उल्लंघन करता है। आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे दुराचरण की सभी घटनाओं की सूचना दें, तब के सिवाय जब स्थानीय कानून द्वारा निषिद्ध हो।

आपूर्तिकर्ताओं पर व्यावसायिक अखंडता और नैतिक अनुपालन से संबंधित प्रश्न रखने या चिंताएँ व्यक्त करने हेतु अपने कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों के लिए एक घटना रिपोर्टिंग तंत्र लागू रखने की ज़िम्मेदारी है। इस तंत्र में सूचनादाता के लिए बेनामी ढंग से सूचना दर्ज कराने का विकल्प होता है और यह तंत्र सभी की पहुँच में होता है। आपूर्तिकर्ता सदाशय से सूचना देने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोधी कार्रवाई की अनुमति नहीं देंगे।

आपूर्तिकर्ताओं के पास गोपनीयता और प्रतिशोध के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मुखबिरों के संरक्षण का तंत्र भी लागू होना चाहिए।

### मुख्य अपेक्षाएँ:

- **Atmus को प्रभावित कर सकने वाली या इस संहिता का उल्लंघन कर सकने वाली किसी भी घटना या उल्लंघन की जल्द-से-जल्द सूचना दें।**
- **सदाशय से सूचना देने वाले कर्मचारियों या व्यावसायिक साझेदारों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की प्रतिशोधी कार्रवाई में शामिल न हों।**
- **आवश्यक किए गए अनुसार, Atmus की जाँच प्रक्रिया में या संबंधित प्राधिकरणों के साथ ईमानदारी से पूरा सहयोग करें।**



## आवाज़ उठाने के तरीके

आपूर्तिकर्ता इस संहिता के अनुपालन से संबंधित कोई भी व्यवसाय-संबंधी चिंताएँ या मामले Atmus एथिक्स (नैतिकता) लाइन के ज़रिए भी हम तक पहुँचा सकते हैं।

हमारी एथिक्स (नैतिकता) लाइन एक 24-घंटे उपलब्ध टोल-फ़्री और निष्पक्ष संसाधन है जो एक तृतीय पक्ष द्वारा प्रदान किया जाता है; यह संसाधन हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों को संहिता से संबंधित चिंताओं और उसके उल्लंघनों की सूचना देने का एक गोपनीय और सुरक्षित तरीका प्रदान करता है। Atmus एथिक्स (नैतिकता) लाइन तक कई तरीकों से पहुँचा जा सकता है:

- **वेब पर:** atmus.com/ethicsline
- **फोन से (अमेरिका/कनाडा): 1 (800) 497-1390**
- **फोन से (मेक्सिको): 1 (800) 099-0170**

  अमेरिका, कनाडा या मेक्सिको के बाहर एथिक्स (नैतिकता) लाइन तक पहुँचने के लिए, कृपया एथिक्स (नैतिकता) लाइन के इस वेबपेज पर दी गई स्थानीय नंबरों की सूची देखें: atmus.com/ethicsline
- **ईमेल से:** ethics@atmus.com

आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे आवश्यक किए गए अनुसार Atmus की जाँच प्रक्रिया में पूरा सहयोग करें। इसमें साक्षात्कारों में भाग लेना और उन्हें सुगम बनाना, समर्थक दस्तावेज़ प्रदान करना और गोपनीयता बनाए रखना शामिल है।

## प्रतिशोध

हम एक ऐसे परिवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ हमारे कर्मचारी और व्यावसायिक साझेदार प्रतिशोध के डर के बिना प्रश्न पूछने या चिंताएँ व्यक्त करने के लिए खुद को स्वतंत्र महसूस करते हों।

प्रतिशोध का अर्थ कोई प्रश्न पूछने, सदाशय से कोई चिंता व्यक्त करने या किसी जाँच में भाग लेने के कारण किसी को मिले नकारात्मक परिणाम से है।

Atmus प्रतिशोध को सहन नहीं करती है। यदि आपको किसी ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध का पता चले या संदेह हो जिसने ऐसे आचरण की सूचना दी थी जो उसके सदाशयी विश्वास में इस संहिता का उल्लंघन करता है, तो ऊपर दिए गए किसी भी स्पीक अप (आवाज़ उठाएँ) संसाधन से संपर्क करें।

# परवाह दिखाएँ

दयालुता के साथ और दूसरों की खुशहाली को ध्यान में रखते हुए जुड़कर परवाह दिखाएँ।

## उत्पाद निरापदता और गुणवत्ता

हमारे प्रयोजन की पूर्ति के लिए, हम निरापद (हानिरहित), विश्वसनीय, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने को प्रतिबद्ध हैं और हम हमारे व्यावसायिक साझेदारों से भी यही अपेक्षा रखते हैं।

आपूर्तिकर्ताओं को सभी लागू कानूनों का पालन करना होगा और अपने उत्पादों की गुणवत्ता और निरापदता से संबंधित मानकों को, तथा अपने खुद के गुणवत्ता नियंत्रण मानकों और उत्पाद-परीक्षण कार्यविधियों को संतुष्ट करना होगा। आपूर्तिकर्ता अपने किसी भी उत्पाद की डिज़ाइनिंग, विनिर्माण, बिक्री, वितरण और सर्विसिंग में उक्त मानकों को दरकिनार कभी नहीं करेंगे, और अपने गुणवत्ता रिकॉर्डों की अचूकता सुनिश्चित करेंगे। आपूर्तिकर्ता Atmus सप्लायर हैंडबुक (आपूर्तिकर्ता पुस्तिका) में वर्णित गुणवत्ता मानकों को संदर्भ मानेंगे।

यदि उत्पाद की निरापदता या गुणवत्ता से संबंधित किसी संभावित समस्या का संदेह हो या का पता चले तो आपूर्तिकर्ता जल्द-से-जल्द Atmus को सूचित करेंगे।

### मुख्य अपेक्षाएँ:

- उत्पाद में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियाँ लागू करें और कायम रखें।
- उत्पाद निरापदता और गुणवत्ता के मानकों तथा विनियमों का अनुपालन करें।

### मुख्य अपेक्षाएँ

- कर्मियों के अधिकारों, जिनमें उचित रोज़गार कार्यप्रथाएँ, संघ बनाने और सामूहिक मोलभाव की स्वतंत्रता शामिल हैं, का सम्मान और संरक्षण करें।
- श्रम कानूनों, विनियमों और मानकों का अनुपालन करें।
- संघीय कानूनों और विनियमों के अनुसरण में, संघर्ष खनिजों के स्रोत और अभिरक्षा श्रृंखला से संबंधित उचित पड़ताल आवश्यकताओं का प्रकटन और अनुपालन करें।

## मानवाधिकारों का संरक्षण

हम पूरी दुनिया में मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं। हम मानते हैं कि जिन समुदायों में हम संचालन करते हैं उनमें हम मानवाधिकारों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। हमारे सभी संचालनों में सभी लोगों से गरिमापूर्ण एवं सम्मानपूर्ण व्यवहार हो यह सुनिश्चित करने के लिए हम अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सिद्धांतों, जिनमें मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ़ ह्यूमन राइट्स), अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइज़ेशन) की कार्यस्थलीय मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों की घोषणा, और संयुक्त राष्ट्र व्यवसाय एवं मानवाधिकार मार्गदर्शक सिद्धांत (UN गाइडिंग प्रिंसिपल्स ऑन बिज़नेस एंड ह्यूमन राइट्स) शामिल हैं, से मार्गदर्शन लेते हैं।

**हम हमारे आपूर्तिकर्ताओं से निम्नलिखित के द्वारा मानवाधिकारों के संरक्षण की अपेक्षा करते हैं और उक्त प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं:**

- उचित रोज़गार कार्यप्रथाएँ सुनिश्चित करना; आपूर्तिकर्ता वेतन, कार्य घंटों, लाभ और कार्य स्थितियों से संबंधित लागू स्थानीय कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे।
- कर्मचारियों की संघ बनाने की स्वतंत्रता का सम्मान करना और सामूहिक मोलभाव के अधिकार को मान्यता देना।
- बाल श्रम, बलात् या कैदी श्रम और मानव व्यापार के उपयोग को निषिद्ध करना।
- मटीरियल खरीदने (सोर्सिंग) में ज़िम्मेदारी बरतना और केवल उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं से साझेदारी करना जो इन सिद्धांतों को अपने सिद्धांत मानकर उनका पालन करते हैं।
- जिन समुदायों में वे संचालन करते हैं उन समुदायों का सम्मान करना, इसमें मूल निवासियों के अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त मानवाधिकार शामिल हैं।

**यदि आपको वास्तविक या संभावित मानवाधिकारों के दुरुपयोग का संदेह है या पता चलता है, Atmus Ethics Line सहित किसी एक स्पीकिंग संसाधन से संपर्क करें।**


# कार्यस्थलीय स्वास्थ्य और सुरक्षा

हम कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों के लिए तथा हमारे संचालनों से संबद्ध अन्य लोगों के लिए एक सुरक्षित परिवेश बनाए रखकर हमारे लोगों की सुरक्षा और खुशहाली की परवाह करते हैं।

हम पर हमारे लोगों के लिए एक सुरक्षित कार्य परिवेश बनाए रखने की एक साझा ज़िम्मेदारी है जिसमें हम सुनिश्चित करते हैं कि हम, न्यूनतम रूप से, सभी लागू कानूनों और आंतरिक कंपनी नीतियों का पालन करते हुए एक ऐसी सकारात्मक सुरक्षा संस्कृति बनाएँ जिसमें किसी को भी चोट न लगे। हम एक ऐसी सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देते हैं जिसमें हम न केवल हमारी खुद की, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी सतर्क रहते हैं।

हमारा आपूर्तिकर्ता होने के नाते आप पर यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है कि आपकी देखरेख में मौजूद लोग अपने-अपने कार्य सुरक्षित ढंग से करने के लिए उचित रूप से प्रशिक्षित हों और यह कि आपको जिन भी असुरक्षित व्यवहारों या स्थितियों की सूचना दी जाए आप जल्द-से-जल्द उनका समाधान करें। Atmus Filtration Technologies के किसी स्थान पर अनुबंधित सेवाओं के रूप में कार्यरत आपूर्तिकर्ताओं के लिए, हम Atmus ठेकेदार सुरक्षा नियमावली (कॉन्ट्रेक्टर सेफ़्टी मैन्युअल) का अनुपालन आवश्यक करते हैं।

हमारे आपूर्तिकर्ता के रूप में, आप धमकाऊ या हिंसक व्यवहार को सहन नहीं करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके कर्मचारी निर्णय-शक्ति को कमज़ोर कर सकने वाले मादक पदार्थों/दवाओं, जैसे एल्कोहॉल या गैर-कानूनी मादक पदार्थों/दवाओं, के प्रभाव में होने के दौरान काम न करें। हम यह अपेक्षा रखते हैं कि सुरक्षा से संबंधित जो भी समस्याएँ या चिंताएँ हों उनकी सही-सही सूचना समय से और लागू कानूनों के अनुसरण में नियामक प्राधिकरणों को दी जाए, और यदि उस सुरक्षा समस्या में कार्य-प्रदर्शन या व्यवसाय-निरंतरता को प्रभावित करने का सामर्थ्य हो तो आपके Atmus व्यावसायिक साझेदार को सूचित किया जाए।



## मुख्य अपेक्षाएँ:

- व्यवसाय-संबंधी स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों तथा विनियमों का पालन करें।
- हिंसक या धमकाऊ व्यवहार पर या मादक पदार्थों/दवाओं के प्रभाव के अधीन काम करने पर रोक लगाएँ।
- पर्याप्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ज़रिए, असुरक्षित व्यवहारों या स्थितियों की जल्द-से-जल्द सूचना दी जाने के ज़रिए, और जोखिमों व चिंताओं के समाधान के लिए आपके द्वारा कदम उठाए जाने के ज़रिए सकारात्मक सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दें।



# हमारे पर्यावरण और स्थायित्व का संरक्षण

हमें परवाह है यह दिखाने का यह अर्थ है कि हमारे लोगों, समुदायों और ग्रह के लिए जो महत्वपूर्ण है हम उसका संरक्षण करते हैं। हम पर, हमारे ग्रह के प्रति नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव घटाने के लिए व्यवसाय की एक अधिक स्थायी पद्धति प्रदान करने की साझा ज़िम्मेदारी है।

हमारे आपूर्तिकर्ता के रूप में आप पर आपकी कंपनी की स्थिति या वर्गीकरण के संदर्भानुसार, पर्यावरणीय आवश्यकताओं, रिपोर्टिंग और प्रकटन से संबंधित सभी कानूनों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है।

**हमारे आपूर्तिकर्ता के रूप में आप पर्यावरण का एक ज़िम्मेदार रखवाला होने की और उसे निम्नलिखित के द्वारा प्रदर्शित करने की प्रतिबद्धता स्वीकार करते हैं:**

- **आपके संचालनों के भीतर मौजूद पर्यावरणीय प्रभावों को समझना और यह सुनिश्चित करना कि निर्णय इन प्रभावों पर आधारित हों।**
- **पानी, ऊर्जा और कच्चे माल की खपत घटाने के उपाय करना।**
- **मटीरियल और कचरे का निपटान स्थायी ढंग से करने के कदम उठाना।**
- **अनुरोध किए जाने पर समय से और कुशल ढंग से उत्सर्जन डेटा प्रदान करना।**
- **पर्यावरणीय प्रभाव की सभी घटनाओं और बाल-बाल बचने की घटनाओं की सूचना अविलंब, ईमानदारी से और अचूकता से देना।**
- **Atmus से जो भी उचित पड़ताल अनुरोध मिलें उनमें सहयोग करना।**

हम सभी हमारी साझेदारी में, हमारे घरों में और हमारे समुदाय में पर्यावरण की रखवाली के पक्ष में खड़े होकर समाधान का हिस्सा बन सकते हैं।



## मुख्य अपेक्षाएँ

- लागू पर्यावरणीय कानूनों, विनियमों और मानकों का अनुपालन करें।
- खपत घटाने और कचरे के उपयुक्त निपटान के लिए पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी कार्यक्रम लागू करें।
- पर्यावरणीय स्थायित्व और अनुपालन से संबंधित रिपोर्टिंग अनुरोधों में सहयोग करें।
- Atmus से जो भी उचित पड़ताल अनुरोध मिलें उनके उत्तर समय से और अचूक ढंग से दें।

# अतिरिक्त संसाधन

| | |
|---|---|
| कॉर्पोरेट संचार | media.inquiries@atmus.com |
| सामुदायिक संलग्नता | atmus.corporate.responsibility@atmus.com |
| सायबर-सुरक्षा | cybersecurity@atmus.com |
| नैतिकता और अनुपालन | ethics@atmus.com |
| एथिक्स (नैतिकता) हॉटलाइन | atmus.com/ethicsline |
| स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय | hse@atmus.com |
| अंतरराष्ट्रीय व्यापार अनुपालन | customs.compliance@atmus.com |
| कानूनी | legal@atmus.com |
| निजता | privacy@atmus.com |
| तकनीकी/मटीरियल अनुपालन | filtration.material.compliance@atmus.com |

FILTRATION TECHNOLOGIES

कोड इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रकाशित किया जाता है। मुद्रित संस्करणों में बाद में परिवर्तन नहीं हो सकते हैं तारीख प्रकाशित करने के लिए। संहिता का सबसे वर्तमान संस्करण **Atmus आपूर्तिकर्ता पोर्टल पर है।**



©2024 Atmus Filtration Technologies Inc.